# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 7.7.26 | 4 | 1-2 |

# एचएयू में स्वरोजगार और कौशल निखारने के लिए सजेगी पाठशाला

माई सिटी रिपोर्टर

**प्रशिक्षण के लिए 10 जुलाई को दोपहर 2 बजे तक जमा कराएं आवेदन**

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में जुलाई से सितंबर तक तीन से पांच दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान मधुमक्खी पालन, संरक्षित खेती (पॉलीहाउस) में सब्जी उत्पादन, बेकरी, कटाई एवं सिलाई, नर्सरी तैयार करना, केंचुआ खाद उत्पादन व सोयाबीन से सोया दूध बनाने की तकनीक शामिल है।

डेयरी फार्मिंग और मशरूम उत्पादन तकनीक पर भी प्रशिक्षण देकर युवाओं और किसानों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया जाएगा। संस्थान के सह-निदेशक डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि इन प्रशिक्षणों का उद्देश्य युवाओं, किसानों और इच्छुक नागरिकों को स्वरोजगार से जुड़ी आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण देना है।

प्रदेश के किसी भी वर्ग और आयु के इच्छुक महिला एवं पुरुष इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने वाले प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय की ओर से प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों के साथ राज्य एवं केंद्र सरकार की संबंधित योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी।

प्रशिक्षण के लिए इच्छुक लोग 10 जुलाई को दोपहर 2 बजे तक संस्थान में आवेदन जमा करा सकते हैं। जुलाई के प्रशिक्षण सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक तथा अगस्त और सितंबर के प्रशिक्षण सुबह 9 से शाम 4:30 बजे तक होंगे। प्रशिक्षण पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा। आवेदन के साथ पासपोर्ट आकार का फोटो और आधार कार्ड की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। बेरोजगार युवाओं और किसानों को प्राथमिकता दी जाएगी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 7.7.26 | 9 | 1 |

## एचएयू में होंगे निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में जुलाई से सितंबर तक विभिन्न विषयों पर तीन से पांच दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संस्थान के सह-निदेशक डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों में मधुमक्खी पालन, संरक्षित खेती/पॉलीहाउस में सब्जी उत्पादन, बेकरी, कटाई एवं सिलाई, नर्सरी रेजिंग, केंचुआ खाद उत्पादन, सोयाबीनः सोया दूध तैयार करना शामिल है। इसके अतिरिक्त डेयरी फार्मिंग तथा मशरूम उत्पादन तकनीक पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रदेश के किसी भी वर्ग एवं आयु के इच्छुक महिला एवं पुरुष भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय की ओर से प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 7.7.26 | 6 | 1-2 |

# हकृवि में विभिन्न निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम होंगे आयोजित

हिसार, 6 जुलाई (विरेन्द्र वर्मा) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में जुलाई से सितंबर 2026 तक विभिन्न विषयों पर तीन से पांच दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संस्थान के सह-निदेशक डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों में मधुमक्खी पालन, संरक्षित खेती/पॉलीहाउस में सब्जी उत्पादन, बेकरी, कटाई एवं सिलाई, नर्सरी रेजिंग, केंचुआ खाद उत्पादन, सोयाबीन: सोया दूध तैयार करना शामिल है। इसके अतिरिक्त डेयरी फार्मिंग तथा मशरूम उत्पादन तकनीक पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रदेश के किसी भी वर्ग एवं आयु के इच्छुक महिला एवं पुरुष भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय की ओर से प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों के साथ-साथ राज्य एवं केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी 10 जुलाई को दोपहर 2 बजे तक संस्थान में आवेदन पत्र जमा करा सकते हैं। जुलाई माह में आयोजित होने वाले प्रशिक्षणों का समय प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा, जबकि अगस्त और सितंबर के प्रशिक्षण प्रातः 9 बजे से सायं 4:30 बजे तक आयोजित होंगे। प्रशिक्षण की तिथियों की सूचना बाद में दूरभाष के माध्यम से दी जाएगी। यह संस्थान विश्वविद्यालय के गेट नंबर-3, लुदास रोड, हिसार पर स्थित है। प्रशिक्षण 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर दिया जाएगा। आवेदन पत्र के साथ एक पासपोर्ट आकार का फोटो तथा आधार कार्ड की फोटो प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की सामग्री या आर्थिक सहायता उपलब्ध नहीं कराई जाएगी। बेरोजगार युवाओं एवं किसानों को प्राथमिकता दी जाएगी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 7.7.26 | 3 | 8 |

## एचएयू में फ्री में 3 दिवसीय प्रशिक्षण

हिसार | एचएयू के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में जुलाई से सितंबर 2026 के दौरान तीन से पांच दिन के निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम कराए जाएंगे। सह-निदेशक डॉ. अशोक कुमार गोदारा के अनुसार तीन दिवसीय पाठ्यक्रमों में मधुमक्खी पालन, संरक्षित खेती व पॉलीहाउस में सब्जी उत्पादन, बेकरी, नर्सरी तैयार करना और सोयाबीन से सोया दूध बनाना शामिल है। डेयरी फार्मिंग और मशरूम उत्पादन तकनीक पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। संस्थान में 10 जुलाई तक आवेदन जमा करवा सकेंगे।